प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक जारी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हैं मौजूद, विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा।
2. राज्य के सभी मछली पालकों को राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल मंच, एनएफ़डीपी पर निबंधन कराना होगा अनिवार्य, कृषकों को राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई जाएगी पहचान।
3. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में किताबों की उपलब्धतता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
4. लातेहार में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया नक्सल संगठन जेजेएमपी का प्रमुख, पुलिस महानिरीक्षक ने कहा– बचे नक्सलियों को भी जल्द मार गिराएंगे।
5. राज्यभर में शुरू हुई प्री–मॉनसून गतिविधियां, मौसम विभाग ने कहा – रांची समेत झारखण्ड में दस दिन पहले प्रवेश कर सकता है मॉनसून।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री समेत अन्य सदस्य भाग ले रहे हैं। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई है। बैठक देश के सामने आने वाली विकास चुनौतियों पर विचार–विमर्श करने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में राज्यों की भूमिका पर आम सहमति बनाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगी। बैठक में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जा रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

*******************

राज्य के सभी मछली पालकों को राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल मंच, एनएफ़डीपी पर निबंधन करना अनिवार्य होगा। इससे मत्स्य क्षेत्र से जुड़े कृषकों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। कल नई दिल्ली में मत्स्य पालन सचिवों के सम्मेलन में यह निर्देश जारी किया गया। सम्मेलन में मौजूद झारखण्ड सरकार के विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी और मत्स्य निदेशक एच एन द्विवेदी ने बताया कि समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड के कार्यों की सराहना की गई।

*******************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट एक्का् को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*******************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, जेईपीसी के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने गर्मी की छुट्टियों में सभी स्कूलों में किताबों की उपलब्धतता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री रंजन ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को इस सम्बन्ध में पत्र लिखा है। राज्य परियोजना निदेशक ने

बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा एक से 12 तक की अधिकतर पाठ्य पुस्तकें प्रखडों तक पहुंचने के अंतिम चरण में हैं। अब इसे स्कूलों तक पहुंचाना है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

लातेहार जिले के सलैया जंगल के पास बीती रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद्, जेजेएमपी का प्रमुख पप्पू लोहरा मारा गया। इस पर सरकार ने दस लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाईएस रमेश ने बताया कि मुठभेड़ में दो अन्य नक्सली भी मारे गए हैं। इधर, बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज ने कहा है कि राज्य में अब कुछ गिने–चुने ही नक्सली बचे हैं, जिन्हें जल्द ही मार गिराया जाएगा।

*******************

गिरिडीह जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जमीनी स्थिति देखने के निर्देश दिए हैं।

*******************

केंद्र सरकार देशभर में विभिन्न तरह के निर्माण कार्यों में लगे करीब छह करोड़ निर्माण श्रमिकों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लाने की तैयारी कर रही है। इसमें श्रमिकों को अपनी जेब से कोई अंशदान नहीं देना होगा। योजना में ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे राज्य आसानी से जुड़कर अपने यहां काम कर रहे श्रमिकों की पेंशन में योगदान कर पाएं। मुख्य तौर पर बिल्डिंग और अन्य तरह के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

*******************

रांची–पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी में आज सुबह एक तेल भरा टैंकर पलट जाने से आवागमन बाधित हो गया। यह टैंकर पश्चिम बंगाल से रिफाइन लेकर बिहार की ओर जा रहा था। टैंकर के पलटते ही उसमें रखा रिफाइन तेल सड़कों पर बहने लगा, जिसे लूटने के लिए स्थानीय लोग जमा हो गए। हालांकि, पुलिस बल के पहुंचने के बाद क्रेन की मदद टैंकर को हटाकर आवागमन चालू कराया गया।

*******************

राज्यभर में प्री–मॉनसून गतिविधियां शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रांची समेत झारखण्ड में मॉनसून दस दिन पहले प्रवेश कर सकता है। इधर दक्षिण–पश्चिम मानसून केरल पहुंच गया है, जबकि आमतौर पर यह पहली जून को दस्तक देता है। मौसम विभाग ने बताया है कि 2009 के बाद यह पहला अवसर है जब केरल में मानसून का आगमन समय से काफी पहले हुआ है।

*******************